एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

अथिया शेट्टी और केएल राहुल ने अपना रिलेशनशिप किया ऑफिशल?

अथिया शेट्टी ने अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर काफी कॉन्शस रही हैं। शायद यही वजह है कि उनके अफेयर के चर्चे बहुत ही कम सुनने को मिले। लेकिन पिछले कुछ वक्त से उनका नाम क्रिकेटर केएल राहुल के साथ जुड़ रहा है। अभी तक दोनों ने अपने रिश्ते पर खुलकर कुछ नहीं कहा। लेकिन लगता है कि राहुल ने अथिया संग अपने रिश्ते को ऑफिशल कर दिया है। दरअसल आज यानी 5 नवंबर को बर्थडे है। इस मौके पर जहां उन्हें तमाम बॉलिवुड स्टार्स से बधाइयां मिल रही हैं, वहीं केएल राहुल ने उनके लिए एक खास पोस्ट किया। उन्होंने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर अथिया के साथ वाला एक फोटो शेयर किया और लिखा, हैपी बर्थडे। कैप्शन के साथ उन्होंने मंकी इमोजी लगाया। फोटो में केएल राहुल की नजरें अथिया पर ही टिकी हुई हैं। जबकि वह खिल-खिलाकर हंस रही हैं। बता दें कि अथिया और केएल राहुल के अफेयर के चर्चे उस वक्त से चल रहे हैं, जब तकरीबन महीनेभर पहले उन्हें मुंबई में डिनर डेट पर स्पॉट किया गया था। अथिया के फिल्मी करियर की बात करें, तो वह जल्द ही नवाजुद्दीन सिद्दीकी के ऑपोजिट मोतीचूर चकनाचूर में नजर आएंगी। इसके ट्रेलर को लोगों ने खूब पसंद किया था। इन दिनों अथिया अपनी इसी फिल्म के प्रमोशन में बिजी हैं।

पिंक टॉप और ब्लेजर में इलियाना को देख थम गईं लोगों की नजरें

इलियाना डिक्रूज एक तरफ अपनी आने वाली फिल्म पागलपंती को लेकर चर्चा में हैं, तो वहीं दूसरी ओर वह अपने हॉट और बोल्ड फोटोज को लेकर सुर्खियां बटोर रही हैं। इलियाना अक्सर अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर अपने बोल्ड फोटोज शेयर करती रहती हैं, जिन्हें लोग खूब पसंद भी करते हैं।

लेकिन हाल ही में जब वह पिंक कलर के ब्रा टॉप और ब्लेजर में नजर आईं तो लोगों की नजरें उन पर ही थम गईं। अपनी फिल्म पागलपंती के प्रमोशन के दौरान टॉप और ब्लेजर को इलियाना ने मैचिंग पैंट्स और ट्रेंडी ट्रांसपैरंट हील्स के साथ पहना। इलियाना इस लुक में बेहद हॉट लग रही थीं। पागलपंती एक ऐक्शन कॉमिडी है, जिसमें इलियाना के अलावा उर्वशी रौतेला, कृति खरबंदा, पुलकित सम्राट, अरशद वारसी, अनिल कपूर और जॉन अब्राहम भी नजर आएंगे। यह फिल्म 22 नवंबर को रिलीज होगी।

गंगूबाई काठियावाड़ी के लिए नई बोली सीखेंगी आलिया भट्ट?

ऐक्ट्रेस आलिया भट्ट अपनी नई फिल्म गंगूबाई काठियावाड़ी के लिए कोई कसर बाकी नहीं छोड़ रही हैं। उनकी पूरी कोशिश है कि फिल्म में अपने गंगूबाई के किरदार के साथ पूरा न्याय करें। वैसे भी आलिया का हमेशा से ही सपना था कि उन्हें संजय लीला भंसाली जैसे दिग्गज फिल्ममेकर के साथ काम करने का मौका मिले। अब जब उन्हें यह मौका मिला है तो उन्होंने कमर कस ली है।

कहा जा रहा है कि इस फिल्म के लिए आलिया अब एक नई बोली सीखेंगी। यह बोली होगी कैथी या काठी जोकि सौराष्ट्र में बोली जाती है। वैसे यह पहली बार नहीं है जब आलिया किसी फिल्म के लिए कोई नई बोली सीखेंगी। फिल्म 2 स्टेट्स के लिए आलिया ने तमिल सीखी, तो वहीं राज़ी के लिए उन्होंने उर्दू सीखी। गंगूबाई काठियावाड़ी अगले साल 11 सितंबर को रिलीज होगी। पहले भंसाली इस फिल्म प्रियंका चोपड़ा के साथ बनाना चाहते थे। उस वक्त इस फिल्म का नाम हीरा मंडी था। लेकिन बाद में यह फिल्म आलिया की झोली में आ गई। इस फिल्म से पहले आलिया को भंसाली ने अपनी अन्य फिल्म इंशाअल्लाह के लिए साइन किया था। फिल्म में सलमान खान भी थे और उनके साथ कुछ अनबन को लेकर यह फिल्म रुक गई। इसके बाद भंसाली ने गंगूबाई कठियावाड़ी शुरू की। गंगूबाई काठियावाड़ी के अलावा आलिया अयान मुखर्जी की फिल्म ब्रह्मास्त्र में नजर आएंगी। इस फिल्म में उनके अलावा रणबीर कपूर, मौनी रॉय और अमिताभ बच्चन भी होंगे। इसके अलावा वह करण जौहर की तख्त में भी दिखेंगी।